# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा जल संचय अभियान

## ग्राम पंचायत उंडेल में 'कागजों' पर हो गया वाटर हार्वेस्टिंग!

**नवभारत न्यूज**

**हरसूद ।** शासन की योजनाओं को दीमक की तरह चाटने का खेल ग्राम पंचायत उंडेल में धड़ल्ले से चल रहा है। यहां विकास के नाम पर सरकारी धन की ऐसी 'अपार कृपा' बरसाई जा रही है कि नियम-कायदे सब हवा हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां भ्रष्टाचार का ऐसा अंबार लगा है कि कोई देखने-सुनने वाला नहीं है और आवाज उठाने वालों को रसूख के दम पर दबा दिया जाता है।

इस पूरी अंधेरगर्दी में सबसे बड़ा झटका जल संचय अभियान को लगा है। देश और प्रदेश में जहां पानी बचाने के लिए राष्ट्रीय वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट के तहत मुहिम चलाई जा रही है, वहीं ग्राम पंचायत उंडेल में यह पूरा प्रोजेक्ट सीधे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। पंचायत द्वारा आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक शुखड़ीया मार्ग, सामुदायिक भवन आदिवासी मोहल्ला, वाचनालय भवन, सामुदायिक भवन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूर्ण बताकर कुल ?38,000 की स्वीकृत राशि को खुर्द-बुर्द कर दिया गया। अगर जमीनी हकीकत पर जाकर देखा जाए तो इन सभी सरकारी भवनों में स्थिति बद से बदतर नजर आएगी।

इस वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट की गड़बड़ी यहीं नहीं रुकती, बल्कि इसके भुगतान की टाइमिंग और तरीका भी

भवन जहां वाटर हार्वेस्टिंग कर पैसा निकाला गया



मिलीभगत की ओर साफ इशारा करता है। पंचायत द्वारा नियमों को ताक पर रखकर तीन अलग-अलग वेंडरों को एक ही तारीख में भुगतान कर दिया गया।

वेंडर इरफान खान को 10,800 की राशि का भुगतान और लोकेश सिंह सोलंकी को ?10,200 का भुगतान दिनांक 12 जून 2025 को किया गया। वहीं गुर्जर कृषि सेवा केंद्र एवं मशीनरी को 17 हजार की राशि का भुगतान भी इसी कड़ी में किया गया।

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या पंचायत द्वारा इस सामग्री के लिए कोई वैध निविदा (टेंडर) आमंत्रित की गई थी या फिर चहेतों को उपकृत करने के लिए यह फर्जीवाड़ा रचा गया। भ्रष्टाचार का यह खेल सिर्फ पानी तक सीमित नहीं है, बल्कि जनजातीय वार्ड के आंतरिक मार्ग के सीमेंटीकरण कार्य में भी जमकर मनमानी की गई है। अजा-अजजा विभाग की अनुसूचित जनजाति सहम बस्ती विकास योजना के अंतर्गत 10 लाख की लागत से स्वीकृत इस सीसी रोड के निर्माण में सरपंच, सचिव और उपयंत्री ने मिलकर नियमों के विरुद्ध कुल 143 बिलों का भुगतान कर दिया।

# मीनाक्षी को राज्यसभा टिकट, कांग्रेस में उत्साह



**खंडवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। नामांकन दाखिल होने पर जिला कांग्रेस नेताओं ने इसे मध्यप्रदेश कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन लंबे समय से संगठन में सक्रिय हैं और उनके पास संसदीय व संगठनात्मक अनुभव है। उनके राज्यसभा पहुंचने से पार्टी को मजबूत वैचारिक नेतृत्व मिलेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने भाजपा पर महिलाओं की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है, जबकि भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में एक भी महिला उम्मीदवार को मौका नहीं दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने कहा कि पर्याप्त मत नहीं होने के बावजूद भाजपा द्वारा तीसरा उम्मीदवार उतारना राजनीतिक दिखावा है। कांग्रेस नेताओं ने मीनाक्षी नटराजन को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे राज्यसभा में प्रदेश और देश की जनता की आवाज मजबूती से उठाएंगी।

### एक नजर में

## हाईवे पर बस और ट्रक की जोरदार भिड़ंत, कई यात्री घायल

**खंडवा।** खंडवा-बुरहानपुर नेशनल हाईवे पर झिरी गांव के पास



सोमवार को एक यात्री बस और लहसुन से भरे ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में कई यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी। दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्या ट्रेवल्स की यात्री बस खंडवा से बुरहानपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान झिरी गांव के समीप सामने से आ रहे लहसुन से भरे ट्रक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के सामने के कांच टूट गए और वाहन का अगला हिस्सा पिचक गया। वहीं ट्रक सड़क किनारे पलट गया, जिससे उसमें भरा माल भी बिखर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई। कई यात्री अपनी सीटों से उछल गए और कुछ को चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की।


घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक घायलों की आधिकारिक संख्या सामने नहीं आई थी। हादसे के बाद बस और ट्रक चालक दोनों एक-दूसरे पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, वाहन चालकों से पूछताछ और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

## हाईरिस्क गर्भवतियों के लिए आज विशेष जांच शिविर

**खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार 9 जून को जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे, जिसमें गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि जिला चिकित्सालय, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष सत्र आयोजित होंगे। शिविर में गर्भवती महिलाओं की एएनसी और पीएनसी जांच, नवीन पंजीयन तथा एमसीपी कार्ड वितरण किया जाएगा। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, सिकल सेल सहित अन्य आवश्यक जांचें की जाएंगी। आवश्यकता अनुसार सोनोग्राफी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## जिला अस्पताल में 55 हजार से अधिक मरीजों ने कराई सीटी स्कैन जांच

**खंडवा।** जिला चिकित्सालय खंडवा में पीपीपी मोड पर वर्ष 2022 से



शुरू हुई सीटी स्कैन सुविधा मरीजों के लिए राहत साबित हो रही है। सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि इस सुविधा से ब्रेन हेमरेज, टीबी, कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों की जांच जिला अस्पताल में ही संभव हो रही है। जांच रिपोर्ट शीघ्र मिलने से मरीजों का समय पर उपचार भी हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले सीटी स्कैन के लिए मरीजों को इंदौर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अधिक लागत आती थी। अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है। सीटी स्कैन प्रभारी सनी तोमर के अनुसार अस्पताल में फिलिप्स कंपनी की 32 स्लाइस आधुनिक सीटी स्कैन मशीन स्थापित है, जिससे सटीक और स्पष्ट जांच रिपोर्ट मिलती है। आयुष्मान कार्डधारक एवं पात्र गरीब मरीजों को यह सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अन्य मरीजों को निजी अस्पतालों की तुलना में लगभग आधी दर पर जांच सुविधा मिल रही है।

# ओंकारेश्वर में अधिक मास पर श्रद्धालुओं की भीड़

**ओंकारेश्वर** में अधिकमास के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार और रविवार को बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे, जिसके बाद सोमवार सुबह भी भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए लंबी कतारें देखी गईं। छह मंजिला रैंप के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ कोटितीर्थ घाट तक पहुंच गई। देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्त भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन और मां नर्मदा में स्नान के लिए घंटों कतारों में खड़े रहे। मंदिर परिसर, रैंप मार्ग, घाटों और प्रमुख मार्गों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। अधिकमास के धार्मिक महत्व के चलते मध्य प्रदेश के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंच रहे हैं। भक्तों का



मानना है कि अधिकमास में भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन और नर्मदा स्नान से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से तीर्थ नगरी के बाजार, घाट और प्रमुख मार्ग गुलजार हो गए हैं। पूजा सामग्री, प्रसाद, होटल और नौका विहार से जुड़े व्यवसायों में भी अच्छी चहल-पहल देखी जा रही है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन के लिए है, ताकि दर्शन व्यवस्थित तरीके से हो सकें।

## विदेश में पढ़ाई का सपना कर रही साकार छात्रवृत्ति योजना

**खंडवा।** मध्यप्रदेश सरकार की पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना प्रदेश के मेधावी युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रही है।

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी और शोध अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है।योजना के अंतर्गत ट्यूशन फीस, रहने-खाने का खर्च, स्वास्थ्य बीमा, वीजा शुल्क, आकस्मिक व्यय तथा विदेश आने-जाने के लिए इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा का खर्च शासन द्वारा वहन किया जाता है।

# आंगनवाड़ी सुविधाओं पर विधायक छाया मोरे ने उठाए सवाल



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में आयोजित महिला एवं बाल कल्याण संबंधी समिति की प्रथम बैठक में पंधाना विधायक छाया मोरे ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। बैठक में विधायक मोरे ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के लाभार्थियों की स्थिति की जानकारी मांगी और पात्र बच्चों को समय पर योजना का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक हितग्राहियों तक इसकी पहुंच बढ़ाने की अपेक्षा जताई। विधायक ने आंगनवाड़ी केंद्रों में टीवी, आरओ सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण जरूरी है।

## अपहृत नाबालिग बालिका इंदौर से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** थाना किल्लौद पुलिस ने अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका को इंदौर जिले से सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 4 जून को बालिका के पिता ने थाना किल्लौद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी सहायता और साइबर सेल के सहयोग से लगातार तलाश की। 7 जून को बालिका को इंदौर जिले के ग्राम सुमठा से दस्तयाब




कर लिया गया तथा आरोपी चंदन खींचे (18 वर्ष), निवासी ग्राम रहनाई कला, जिला हरदा को गिरफ्तार किया गया। बालिका के कथनों और जांच के आधार पर प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं।

# रेल सुविधाओं व दादाजी मंदिर निर्माण को लेकर सांसद का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

खंडवा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के खंडवा आगमन पर जनमंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रेलवे विकास कार्यों, ट्रेनों के स्टॉपेज तथा श्री दादाजी मंदिर निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर चंद्रकुमार सांड, कमल नागपाल, अनुराग बंसल, सुनील जैन, राजेंद्र घीया, गणेश कानडे, ललित चौरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जनमंच ने सांसद के समक्ष रेलवे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। इनमें हड़पसर-पुणे एक्सप्रेस एवं बीकानेर-शिर्डी एक्सप्रेस के खंडवा स्टॉपेज को बनाए रखने, ओंकारेश्वर रेलवे



स्टेशन के विकास कार्यों में तेजी लाने तथा ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से ओंकारेश्वर तीर्थ तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग प्रमुख रही।

सदस्यों ने विशेष रूप से ट्रेन संख्या 07053/07054 बीकानेर-काचीगुड़ा स्पेशल ट्रेन को नियमित करने और खंडवा जंक्शन पर इसका कमर्शियल स्टॉपेज देने की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ट्रेन का खंडवा में केवल तकनीकी ठहराव होता है। यदि यात्री चढ़ने-उतरने की अनुमति मिले तो क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। यह ट्रेन खाटू श्याम बाबा के दर्शनार्थियों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकती है।

# विजय शाह ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**खंडवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने शनिवार को जिले के ग्राम खालवा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1.20 करोड रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री दिव्यादित्य शाह भी मौजूद थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे



रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के साथ साथ निशुल्क गणवेश, निशुल्क पुस्तकें, निशुल्क साइकिल जैसी अनेक सुविधाएं दी जा रहे हैं, ताकि वे शिक्षा से वंचित न रहें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विकास की गति बढ़ी है। प्रदेश में किसानो और मजदूरों की आय भी बढ़ी है, जिससे उनके परिवारों में खुशहाली आई है। इस अवसर पर मंत्री डॉ. विजय शाह ने जिन विकास कार्यों का लोकार्पण किया उनमें खालवा में मुक्तिधाम मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य लागत 15 लाख रुपए, विसर्जन घाट निर्माण कार्य लागत 15 लाख रुपए, खालवा के वार्ड क्रमांक 18 में पेवर ब्लॉक रोड निर्माण कार्य लागत 12 लाख रुपए, खालवा के वार्ड क्रमांक 5 में पेवर ब्लॉक रोड निर्माण कार्य लागत 9 लाख रुपये शामिल हैं।

## त्योहारों से पहले होटल, लॉज और ढाबों की पुलिस ने की जांच

**खंडवा।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस ने जिलेभर में होटल, लॉज, ढाबा और धर्मशालाओं की जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संचालित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान आगंतुकों के सत्यापन, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायतों, बाहर से आने वाले लोगों के ठहराव संबंधी जानकारी तथा संचालकों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संचालकों को सुरक्षा मानकों और पुलिस निर्देशों का पालन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि नियमों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मलेरिया जागरूकता रथ से गांव-गांव पहुंचा रहे बेहतर स्वास्थ्य का संदेश




**खंडवा।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि मलेरिया जागरूकता रथ विभिन्न गांवों और हाट-बाजारों में पहुंचकर ग्रामीणों को मच्छर जनित रोगों के प्रति जागरूक कर रहा है। साथ ही चौपालों के माध्यम से बीमारियों के कारण, लक्षण, जांच और उपचार संबंधी जानकारी दी जा रही है।

**हैवानियत** | बोलीं- अकेला पाकर दरिंदगी करता था भाई

# खंडवा में चचेरे भाई पर बहन से दुष्कर्म का आरोप

**खंडवा.** खंडवा के पिपलोद थाना क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवती ने अपने 33 वर्षीय चचेरे भाई पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि जिस व्यक्ति को वह हमेशा सगे भाई से भी ज्यादा सम्मान देती थी, उसी ने उसके भरोसे और रिश्ते को तोड़ दिया शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

रविवार देर रात पीड़िता का



मेडिकल परीक्षण कराया गया, जबकि सोमवार को उसके बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए जाएंगे। घटना खंडवा जिले के पिपलोद थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसका चचेरा भाई है। परिवार के बीच नजदीकी रिश्ते होने के कारण उसका घर आना-जाना लगा रहता था। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने कथित रूप से युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि 16 मई से आरोपी जब भी मौका मिलता, उसके घर पहुंच जाता था। घर में अकेला पाकर वह उसके साथ जबरदस्ती करता था। युवती का कहना है कि कई बार उसने विरोध भी किया, लेकिन आरोपी उसकी बात नहीं मानता था। पीड़िता ने बताया कि दो-तीन बार जब वह घर पर नहीं मिली तो आरोपी खेत तक पहुंच गया और वहां भी उसके साथ जबरदस्ती की।